हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025

11 नगर परिषद का कूड़ा उठान टेंडर समाप्त होने उपरांत बढ़ाई 10...



12 बैठक का निर्णय...9 जुलाई को हड़ताल में रोडवेज का...



### जिले के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में लगेगा एक वर्ष का समय

# माजरा कलां की सीमा तक पहुंचा दोहान नदी में पानी

- 90 दिन तक दोहान नदी में चलाया जाएगा बारिश का अतिरिक्त पानी, जिले के जलस्तर में हो रहा है सुधार
- पांच दशक पहले माजरा खुर्द से भगड़ाना, पाली जाट, भुरजट व बसई से दादरी की ओर निकलती थी दोहान नदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव माजरा कलां की सीमा तक दोहान नदी में पानी पहुंच चुका है। जिला के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में अभी एक वर्ष का समय लग सकता है। गांव झगड़ौली के एमसी-5 पंप से 15 करोड़ रुपये की लागत से अंडरग्राउंड पाइपलाइन डालकर जवाहर लाल कैनाल के अतिरिक्त पानी दोहान नदी में छोड़े वाले प्रोजेक्ट का अभी 70 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है।

बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर वर्ष 2022 में सिंचाई विभाग ने दक्षिण हरियाणा की इन दोनों बरसाती नदियों को पुनर्जीवित करने की मुहिम शुरू की थी। जिसका नतीजा यह हुआ कि अब इनमें पानी बह रहा है। इसके बाद सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह ने दोहान नदी का पानी जिला के अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयास शुरू किए गए। सिंचाई मंत्री के निर्देश पर विभाग के अधिकारियों ने जिला के अंतिम छोर तक दोहान नदी में पानी छोड़ने का प्लान तैयार किया है, ताकि जिले के गिरते भूजल स्तर में सुधार लाया जा सकें।

मानसून में पानी की मांग कम होने से नहरों को 16 स्थानों पर इन नदियों से जोड़ा गया। नारनौल ब्रांच को डेरोली अहीर के पास लगभग 300 सीएस का एस्कैप दोहान नदी में दिया गया



महेंद्रगढ़। रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड से गुजरता दोहान नदी का पानी। (फाइल फोटो)

और डेरोली से महेंद्रगढ़ शहर तक करीब 16 किलोमीटर लंबी नदी को पुनर्जीवित किया गया था, जिसके बाद जवाहर कैनाल नहर का अतिरिक्त पानी दोहान नदी में छोड़ा जा रहा है।

वर्ष 2022 में दोहान नदी का पानी पहले गांव डुलाना तक पहुंचाता था।

पानी निकासी नहीं होने के कारण डीएवी स्कूल व बुचियावाली गोशाला में पानी भर जाता था, जिससे काफी परेशानी होती थी। इसके आसपास की जमीन वन विभाग की थी। जिस कारण सिंचाई विभाग कोई काम नहीं कर पा रहा था, लेकिन पिछले वर्ष वन विभाग के उच्च अधिकारियों की ओर से खुदाई की अनुमति मिलने के बाद सिंचाई विभाग की ओर सरकारी जेसीबी के माध्यम से खुदाई कराई गई हैं। करीब 1.5 किलोमीटर की करीब फीट गहरी व आठ फीट की चौडाई का नाला बनाने के बाद बुचियावाली गोशाला व डीएवी स्कूल में पानी भरना बंद हो गया तथा आगे के गांवों में पानी पहुंचाना शुरू हो गया है। दोहान नदी का पानी रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे का पार कर चुका था। यह पानी माजरा कलां की सीमा से करीब 500 मीटर की दूरी पर हैं। दोहान नदी की आगे की जमीन का मालिकयाना हक किसानों के पास होने के कारण पानी रोक दिया गया था।

### माजरा कलां प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा

नहरी पानी पर आधारित गांव माजरा कलां प्रोजेक्ट पर सिंचाई विभाग ने 13 करोड़ रुपये खर्च किए है। इसके लिए गांव माजरा कलां से लेकर एनबी-1 तक 1600 एमएम आरसीसी की लाइनें बिछाई गई है। एनबी-1 से पाइप लाइन बिछाकर सबसे पहले माजरा कलां में बने चार जोहड़ भरे जाएंगे। इसके बाद पानी भगड़ाना होते हुए आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र के माजरा खुर्द, माजरा कलां, भगड़ाना, सिगड़ी सहित अन्य गांवों को लाभ होगा। इस पाइप लाइन का टैस्ट करने के बाद इसे शुरू करवा दिया है। गांव माजरा कलां में चार जोहड़ बने हुए हैं जिन्हें भरने के लिए आपस में जोड़ा हुआ है। अभी चल रहे पानी से गांव के तीन जोहड़ भर चुके हैं तथा चौथा जोहड़ भरते ही पानी दोहान नदी के मार्ग से भगड़ाना पहुंचेगा। नहर में पानी अधिक होने पर भी एनबी-1 से अधिक पानी इस प्रोजेक्ट के माध्यम से क्षेत्र में भूमि रिचार्ज में काम आएगा। अभी इस प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत कार्य हो चुका है। जल्द ही कार्य पूरा होने के बाद जिला के अंतिम छोर तक दोहान में नदी में पहुंच सकता है।

## खबर संक्षेप

### मां चामुंडा देवी का जागरण आज

**नारनौल।** शुक्ल पक्ष की नवमी को हर महीने होने वाले जागरण के तहत 4 जुलाई की रात्रि 9 बजे से मां चामुंडा देवी का जागरण मंदिर परिसर में किया जाएगा। मां के भक्त शिवचरण चौहान ने बताया कि 4 जुलाई की रात्रि को 9 बजे से मां का गुणगान के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

### सिहमा में जाहरवीर का भंडारा आज

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा में जाहरवीर गोगा जी महाराज का 10वां भंडारा चार जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह जाहरवीर गोगा जी महाराज का 10वां विशाल भंडारा आयोजित किया जा रहा है।

### श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के 31 वार्डों में होगा चुनाव

**नारनौल।** श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के कॉलेजियम वार्ड के चुनाव में नामांकन के नाम वापसी के अंतिम दिन 13 नाम वापस लिए जाने के बाद 56 वार्डों से कॉलेजियम निर्विरोध चुन लिए गए है। नाम वापसी के समय श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष वशिष्ठ एडवोकेट व सहायक चुनाव अधिकारी संजय कौशिक, नरेश जोशी व अंजनी शास्त्री उपस्थित रहे। वशिष्ठ ने बताया कि श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के 87 वार्डों के लिए 132 आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि 31 वार्डों के लिए 13 जुलाई को प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक मतदान होगा तथा उसके तत्काल बाद मतगणना की जाएगी।

### सरसों के तेल के दाम वापस लेने की मांग

**नारनौल।** प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को राशन डिपो के जरिए दिए जाने वाले सरसों के तेल के भाव बढ़ाने का अनुसूचित जाति कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया है। कांग्रेस एससी सैल के पूर्व जिला प्रधान ओमप्रकाश मांडैया ने बताया कि हाल के दिनों में सरकार ने बिजली के रेटों में बढ़ोतरी करके आम लोगों पर महंगाई की मार मारी थी, लेकिन अब सरसों तेल के दाम बढ़ाकर सरकार ने गरीबों के हकों पर डाका डाल दिया है।

### सांसद 20 मार्च को सीएम को पत्र लिख बाढड़ा के चांदवास में आईआईटी खोलने की कर चुके हैं मांग

# महेंद्रगढ़ रैली में जो मांग दो नेताओं ने की, 2 माह पहले ही सांसद बाढड़ा में आईआईटी खोलने की रख चुके मांग


- सांसद बाढड़ा में आईआईटी खोलने के पक्ष में लिख चुके सीएम को पत्र, महेंद्रगढ़ में खोलने के पक्ष में आरती राव व कंवर सिंह उठा चुके मांग
- 18 मई को महेंद्रगढ़ आए सीएम के समक्ष स्वास्थ्य मंत्री आरती राव व विधायक कंवर सिंह ने महेंद्रगढ़ में आईआईटी खोलने की उठाई थी जनता के बीच मांग

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

महेंद्रगढ़ जिला में आईएमटी व लॉजिस्टिक हब खोलने की घोषणा भाजपा की पुरानी है जो अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। अब आईआईटी खोलने की मांग उठने लगी है। जब 18 मई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में महेंद्रगढ़ रैली में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह और विधायक कंवर सिंह को ही भाषण देने का मौका मिल पाया था। उस वक्त आरती राव व कंवरसिंह यादव ने महेंद्रगढ़ में आईआईटी खोलने की मांग रखी थी। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के भाषणों में मुख्य मांग महेंद्रगढ़ में आईएमटी व नांगल चौधरी में लॉजिस्टिक हब शुरू करने की मांग रखी थी। अब पता चला है कि सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह करीब दो माह पहले ही 20 मार्च को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आईआईटी दादरी जिला के बाढड़ा हलका में स्थापित करने की मांग रख चुके है। इस पत्र की प्रति हरिभूमि के पास है।

### सांसद ने पत्र भेज यह की डिमांड

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने 22 मार्च 2025 की तारीख को पत्र मुख्यमंत्री नायब सिंह के नाम भेजा। इस पत्र में कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा प्रदेश में एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की स्थापना का निर्णय लिया गया है, जिसके निर्माण हेतु लगभग 300 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इस संबंध में वह आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहते है। उनके संसदीय क्षेत्र के गांव चांदवास, हलका बाढड़ा, जिला चरखी दादरी की ग्राम पंचायत के पास लगभग 322 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जिसे ग्राम पंचायत निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए सहमत है। यह भूमि आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए अत्यंत उपयुक्त है। गांव चांदवास भौलोगिक दृष्टि से भी सुविधाजनक स्थिति में स्थित है। यह भूमि मुख्य सड़क से जुड़ी हुई है और दादरी एवं महेंद्रगढ़ जैसे प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों के निकट है, जिससे क्षेत्र में शिक्षा का व्यापक विकास होगा। दक्षिणी हरियाणा में अब तक कोई भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) या अन्य बड़ा शिक्षण संस्थान स्थापित नहीं किया गया है। यदि यहां



नारनौल। सांसद की ओर से भेजा गया पत्र।

आईआईटी की स्थापना की जाती है तो इससे न केवल स्थानीय युवाओं को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि क्षेत्र का समग्र विकास भी सुनिश्चित होगा। अतः अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए गांव चांदवास, हलका बाढ़ड़ा जिला चरखी दादरी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की स्थापना हेतु आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें। पत्र में यह भी लिखा है कि इस पत्र के साथ ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा का प्रस्ताव संग्लन है। सहानुभूतिपूर्ण एवं शीघ्र कार्यवाही की अपेक्षा है।

### क्या कहते है सांसद

सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा में अभी आईआईटी को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है। प्रदेश के सभी 10 सांसद अपने अपने क्षेत्र के लिए पैरवी कर रहे हैं। चांदवास पंचायत के लिए यह पत्र पाली-खुड़ाना पंचायत की डिमांड से भी करीब दो माह पहले भेजा था। उस वक्त तक पाली-खुड़ाना की तरफ से कोई डिमांड नहीं थी। जोकि पाली में केंद्रीय विश्वविद्यालय है और यहां पर सभी व्यवस्थाएं, इसलिए इसे अपने संसदीय क्षेत्र में लाने के लिए पूरे प्रयास करेंगे।


### सांसद ने रैली में यह की थी डिमांड

सांसद ने कहा कि यहां की पहली प्राथमिकता खुड़ाना में आईएमटी की है। आज से ठीक छह साल पहले इसकी नींव रखी थी। अभी तक उसकी जमीन का एमओयू तक साइन नहीं हो पाया। जब तक यह आईएमटी नहीं बनेगी हमें रोजगार नहीं मिल पाता। नांगल चौधरी में भी लॉजिस्टक हब का काम शुरू नहीं हो पाया। मांग है कि हमारा बकाया काम आईएमटी खुड़ाना व लॉजिस्टिक हब शुरू किया जाए। यह इलाका भाजपा का गढ़ है और आगे भी रहेगा।

### महेंद्रगढ़ रैली में इन नेताओं ने उठाया था आईआईटी का मुद्दा

*विधायक कंवर सिंह :* महेंद्रगढ़ विधायक ने रैली में सीएम के समक्ष भाषण में विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा था कि आप यहां आए है। सब की भावनाओं के मुताबिक निवेदन है कि हरियाणा प्रदेश में आईआईटी बड़ा प्रोजेक्ट है। वह लगाने का विचार है और इसके लिए मैंने आपके निवास स्थान पर भी आपसे विचार विमर्श किया था। निवेदन भी किया। लोगों की भावनाएं है। यहां केंद्रीय विश्व विद्यालय में 600 एकड़ भूमि है। सरकार का एक भी पैसा नहीं लगना है। आपको तो सिर्फ आदेश करने है। जिन दिन आप घोषणा करेंगे, उस दिन से ही क्लास भी शुरू हो जाएगी।

*स्वास्थ्य मंत्री आरती राव :* केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने सीएम से रैली में कहा था कि जो भी महेंद्रगढ़ जिला से ताल्लुक रखते है। उनका एक प्रस्ताव है कि आईआईटी जो हरियाणा में बन सकती है, वह महेंद्रगढ़ में बनाएं। हमारे पास जमीन है। सीएम साहब हमारे प्रस्ताव को भी एक बार आप देख लें और महेंद्रगढ़ में आईआईटी जरूर लाएं।



महेंद्रगढ़। अंबेडकर चौक पर भूख हड़ताल पर बैठे पंच सुरेंद्र सिंह।

### शिकायत का समाधान नहीं होने से माजरा खुर्द के पंच ने भूख हड़ताल की शुरू

**महेंद्रगढ़।** शहर के अंबेड़कर चौक पर गांव माजरा खुर्द के वार्ड नंबर पांच के पंच सुरेंद्र सिंह ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। पंच सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह पेड़ों की अवैध रूप से कटाई, पंचायत में अनियमितता, पंचायत द्वारा अपने चेहतों के अवैध कब्जे नहीं हटाने, गांव में सोलर सिस्टम का पुराना सिस्टम का सामान बेचने के मामले में गबन करने, मनरेगा के तहत मजदूर से कार्य ना करवाकर मशीनों से कार्य करवाने, माजरा चुंगी पर दुकान बनाने, प्रस्तावित व जिम व लाइब्रेरी बनवाने की मांग को लेकर डेढ़ साल से समाधान शिविर में शिकायत दे रहे थे। बीडीपीओ द्वारा मौके का मुआयना किया गया। उन्होंने गत वीरवार को समाधान शिविर में पहुंचकर जिला प्रशासन को चेतावनी भी दी थी। लेकिन उसकी मांग पर जिला प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया।

### कांटी-खेड़ी के बांध में नहाते वक्त युवक की डूबने से मौत

**नारनौल।** कांटी-खेड़ी के एक बांध में नहाते समय राजस्थान के एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए आया था। नहाते समय उसका पैर फिसल गया तथा संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का नागरिक अस्पातल से पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मांढन थाना के गांव डाबरवास निवासी करीब 37 वर्षीय सोनू अपने दोस्तों के साथ बुधवार शाम को गांव कांटी-खेड़ी में बने एक बांध में नहाने के लिए आया था। मृतक सोनू दो बच्चों का पिता था, जिसमें उसकी बड़ी बेटी की उम्र करीब 11 साल तथा बेटे की उम्र लगभग 8 साल है। वह मजदूरी का कार्य करता था। उसके पिता रामनिवास व पड़ोसी धर्मपाल ने बताया कि उसके दोस्तों का कहना है कि डेम पक्का बना हुआ है। नहाते समय उसका पैर फिसल गया तथा वह पानी में गिर गया। इससे उसको अंदरूनी चोटें भी लगी। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचित करने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की सहायता से शव को बंधे से निकाला तथा राजस्थान के नीमराना के अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अटेली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका नागरिक अस्पताल से पोस्टमॉर्टम कराया।

# विधायक ने जैलाफ नारनौल बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में क्षेत्र को मिली नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

क्षेत्र नागरिकों की डिमांड पर वीरवार सुबह आठ बजे जैलाफ गांव से नारनौल के लिए एक नए बस रूट का शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक ओमप्रकाश यादव ने जैलाफ गांव में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह नया मार्ग जाखनी, महरमपुर, धरसूं, मंडलाना व नसीबपुर होते हुए नारनौल पहुंचेगा। जिससे इन सभी गांवों के निवासियों को सीधा और सुगम परिवहन मिलेगा। इस पहल से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है, क्योंकि यह नया रूट न केवल यात्रा के समय को कम करेगा, बल्कि क्षेत्र में



नारनौल। हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते विधायक ओमप्रकाश यादव।

आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। ग्रामीण लंबे समय से इस तरह के परिवहन साधन की मांग कर रहे थे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने उनकी इस मांग को पूरा कर क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में जैलाफ गांव के सरपंच अमर सिंह, खोड़मा के सरपंच बहादुर सिंह, पंच अमर सिंह, जाखनी के सरपंच सुंदर व मेहरामपुर के सरपंच सतपाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विधायक ओमप्रकाश यादव की इस जनहितैषी पहल की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह नया बस रूट शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के लिए नारनौल तक पहुंचने में ग्रामीणों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हमेशा हरियाणा के हर वर्ग और हर क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर दिया है। उनका मानना है कि बेहतर कनेक्टिविटी ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान की कुंजी है। यह नया बस रूट इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो हरियाणा को विकास के पथ पर आगे ले जाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### हरियाणा सरकार संतों व महापुरुषों के विचारों को आगे बढ़ाने को संकल्पित: रणबीर

# अमृत-2 में आया पैसा, नारनौल शहर की सीवरेज व्यवस्था को सुधारेंगे : गंगवा

- 13 जुलाई को भिवानी में राज्य स्तरीय महाराज दक्ष प्रजापति समारोह में भारी संख्या में पहुंचे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वीरवार को रेस्ट हाउस में आयोजित जनसभा में संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार संतों व महापुरुषों के विचारों को जन जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक प्रसारित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में 13 जुलाई को भिवानी में एक भव्य राज्य स्तरीय महाराज दक्ष प्रजापति समारोह का आयोजन किया



नारनौल। जनसभा को संबोधित करते जनस्वास्थ्य एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इस समारोह में प्रदेश के कोने कोने से बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। इसे लेकर लोगों में जोश है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर वर्ग को सम्मान देने का काम किया है। मेरिट के आधार पर भर्ती हो रही हैं। पहले की सरकारें जानबूझकर बैकलाग छोड़ते थे।

गंगवा ने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और भाईचारे का एक सशक्त प्रतीक बनेगा। गंगवा ने हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना के तहत संतों और महापुरुषों की जयंतियों को राज्य स्तर पर बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य इन महान व्यक्तित्वों के प्रेरक संदेशों, उनके सामाजिक योगदान और उनके जीवन मूल्यों को वर्तमान और भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, नगराधीश मंजीत कुमार, भाजपा जिला प्रधान यतेंद्र राव एसई बीएंडआर विकास कुमार, एक्सईएन बीएंडआर अश्वनी कुमार, एसडीओ जितेंद्र कुमार, दयाराम यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता: रणबीर सिंह

हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने रेस्ट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में सड़क एवं भवन निर्माण में गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा, जो अधिकारी लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। इससे पहले भी ऐसे मामलों में कड़ा कदम उठाया गया है। कई अधिकारियों को चार्जसीट भी किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी 12 फिट के लिंक रोड को बढ़ाकर 18 फिट का करने का कार्य करेंगे। कोई भी रोड 12 फिट की नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति को साफ एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। सरकार ने हर घर नल से जल पहुंचने का लक्ष्य भी 2022 में ही पूरा कर लिया है। प्रदेश में दस हजार से ऊपर की आबादी वाले गांवों में पेयजल व सीवरेज की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में 22 जिलों में सबसे पूरा हाल सीवरेज का नारनौल शहर में है, हरिभूमि के इस सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि अमृत 2 का पैसा हमारे पास आया है। सीवरेज व्यवस्थाओं को सुधारा जाएगा। अभी अधिकारियों से बातचीत भी करेंगे।



नारनौल। शो पीस बनी लाखों रुपये की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें।

# लाखों रुपये की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें बनी शो पीस

**नारनौल।** शहर में नगर परिषद की ओर से बनाए जा रहे छलक नाले पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। नगर परिषद ने इस छलक नाले के निर्माण से पहले जो नक्शा दिखाया गया था। उसके मुताबिक इस छलक नाले व इसके दोनों तरफ बनाई जाने वाली सड़क पर काफी कुछ सौंदर्यीकरण किया जाना था, लेकिन अब जो यह वास्तविक रूप में नजर आ रहा है, वह बिल्कुल उस नक्शे से अलग है। नाले के दोनों ओर सड़क बनाई गई है, उस सड़क की सुंदरता के लिए जगह जगह स्ट्रीट लाइटें भी लगाई गई है, लेकिन यह स्ट्रीट लाइटें अब केवल शो पीस बनकर रह गई है। इनके लगने के बाद एक दो बार ही यह लाइटें ऑन हुई है, जबकि इन लाइटों को लगे छह महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। ऐसे में लाखों रुपये की लागत से लगी ये स्ट्रीट लाइटें अब केवल शो पीस बनकर रह गई है। रात के वक्त इस सड़क पर घना अंधेरा छाया रहता है। मौहल्ला सलामपुरा में कई मोहल्लों के लोग आते जाते हैं। ऐसे में ये लोग घने अंधेरे के बीच से आने जाने को मजबूर हैं। जिससे कोई अनहोनी भी किसी भी राहगीर के साथ हो सकती है।

## खबर संक्षेप



### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कनीना।** गांव सुंदरह में बुधवार को पौधरोपण किया गया। जिसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाईचारा युवा संगठन की ओर से गांव में रिक्त पड़ी पंचायती भूमि पर नीम, पीपल, पापड़ी, इमली सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। गांव के युवाओं ने स्वयं पौधे लगाए, वहीं ग्रामीणों को भी पौधे लगाने के लिए जागरूक किया।



### विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**नारनौल।** हरियाणा सरकार की ओर से खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सतनाली में किया गया। जिसमें जिला स्तर पर राव नेताराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए विद्यालय प्राचार्य अनिता देवी ने बताया इस प्रतियोगिता में लॉन्ग जम्प में नियति पुत्री प्रदीप उनिन्दा द्वितीय, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ व डिस्कस थ्रो में सिमरन पुत्री अलीमोहम्मद कांटी प्रथम, प्रिया गांव कांटी वॉक रेस में प्रथम व गीतान्जलि ने तृतीय, हाई जम्प में खुशबू पुत्री हरिकिशन कटकई ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### सोना इंटरप्राजिज कंपनी को दे रखा था कूड़ा उठान का कार्य

# नगर परिषद का कूड़ा उठान टेंडर समाप्त होने उपरांत बढ़ाई 10 दिन की एक्सटेंशन

शुक्रवार से शहर में पुनः नियमित सफाई एवं कूड़ा उठान का कार्य हो सकेगा। इससे नगर परिषद एवं शहरवासियों को जरूर राहत मिल सकेगी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठान करने वाली कंपनी का टेंडर पीरियड समाप्त होने उपरांत नगर परिषद ने उसका दस दिन की एक्सटेंशन दे दी है, जिस कारण गुरुवार से कूड़ा उठान करने वाली कंपनी ने शहर में पुनः कार्य करना शुरू कर दिया है। अब शुक्रवार से शहर में पुनः नियमित सफाई एवं कूड़ा उठान का कार्य हो सकेगा। इससे नगर परिषद एवं शहरवासियों को जरूर राहत मिल सकेगी।

नगर परिषद ने शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठान का कार्य ठेके पर दे रखा था। यह ठेका पंचकूला सोना इंटरप्राइजिज नामक कंपनी को दिया हुआ था, जिसकी अवधि गत 30 जून को खत्म हो गई थी। इस कारण शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगने शुरू हो गए थे, क्योंकि कंपनी ने 30 जून को ही अपनी साजोसामान समेटना शुरू कर दिया था और एक जून व दो जून को शहर में कूड़ा उठान का कार्य एकदम से ठप रहा था। इस कारण शहर में जगह-जगह पर गंदगी के ढेर लगना शुरू हो गए थे। सबसे ज्यादा बुरा हाल आजाद चौक स्थित सब्जी मंडी समेत अनेक स्थानों का रहा। मानक चौक, पुल बाजार, अनाज मंडी, मोटा महादेव मंदिर खड़खड़ी, सीआईए रोड अंडरपास के समीप, मोहल्ला रावका में पुराना मुर्दाघर के समीप आदि ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां पर कूड़े के ढेर लग गए। इससे शहरवासी भी तंग होने लगे थे, क्योंकि डोर टू डोर रोजाना सवेरे आने वाली कूड़ा गाड़ी आनी बंद हो गई थी। लोगों के अपने घरों में कूड़ा की बाल्टियां एवं पॉलीथीन भी भरने लग गई थी।



नारनौल। सीआईए रोड अंडरपास के पास लगे गंदगी के ढेर। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। मोटा महादेव मंदिर के सामने पसरी गंदगी। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। कूड़ा उठान वाले टैंपो चालू होने पर कूड़ा डालने पहुंची महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्ट करता टैंपो चालक। फोटो : हरिभूमि

### टेंडर हो चुका कैंसिल

नगर परिषद ने उक्त कंपनी का कूड़ा उठान की ठेका अवधि के मद्देनजर 30 जून से पहले टेंडर कॉल किए थे, लेकिन टेंडर में केवल एक ही कंपनी द्वारा भागेदारी करने पर उसे रिजेक्ट करना पड़ गया। इस कारण नया टेंडर नहीं हो पाया, जबकि जो कंपनी कार्यरत थी, उसका पीरियड 30 जून को समाप्त हो गया। ऐसे में कूड़ा उठान की समस्या उत्पन्न हो गई।

### बढ़ाई गई एक्सटेंशन

जो कंपनी शहर में कूड़ा उठान कार्य में लगी, उस सोना इंटरप्राजिज कंपनी का टेंडर 30 जून को खत्म होने उपरांत दो दिन तक शहर में कूड़ा उठान नहीं हुआ। इस कारण सफाई के हालात बिगड़ते चले गए। इन बिगड़े हालातों के मद्देनजर ही नगर परिषद के अधिकारियों ने कंपनी का दस दिन का पीरियड बढ़ाने की उच्चाधिकारियों से अनुमति प्राप्त की और अब सोना इंटरप्राजिज कंपनी का

### यह बोले सुप्रीडेंट

*सोना इंटरप्राजिज कंपनी के सुपरिडेंट कर्मवीर ने बताया कि हमारी कंपनी के पास 30 जून तक ही काम करने का टेंडर था, जो हमने पूरा कर दिया। हमारा पीरियड खत्म होने के चलते ही हमने काम करना बंद कर दिया था, लेकिन अब अधिकारियों ने हमारा दस दिन का एक्सटेंशन पीरियड बढ़ा दिया है, जिसके चलते अगले दस दिन तक और कूड़ा उठान का कार्य किया जाएगा।*

### यह बोले ईओ

*नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल ने बताया कि उक्त कंपनी का पीरियड खत्म होने से पहले टेंडर कॉल किए गए थे, लेकिन उसमें केवल एक ही कंपनी ने भाग लिया। इस कारण वह टेंडर प्रक्रिया रद्द हो गई। अब फिर से टेंडर कॉल किए जाएंगे तथा नियमानुसार टेंडर छोड़ें जाएंगे। फिलहाल जो कंपनी काम कर रही थी, उसका एक्सटेंशन पीरियड बढ़ाया गया है।*

# स्वास्थ्य मंत्री के जन्मोत्सव पर की कन्याओं के नाम एफडी जमा



मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री का जन्मदिन मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

■ स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का 45वां जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का 45वां जन्मदिन समाज की जरूरतमंद कन्याओं के नाम से एफडी करने के अलावा विभिन्न किस्मों के पौधे लगाकर पर्यावरण का संरक्षण करने के संकल्प के रूप में मनाया। सुबह कार्यालय में हवन यज्ञ किया गया। सुबह से ही स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय कार्यालय में पहुंचना शुरू हो गए थे। उसके बाद कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों की उनके पीए विकास यादव की अध्यक्षता में केक काटा गया। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अपने जन्मदिन पर अपने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया था कि लिंगानुपात में सुधार व बेटा-बेटी के भेद को दूर करने के लिए जन्मदिन पर बेटियों के नाम पर एफडी जमा कराएं। एफडी कार्यकर्ता अपनी हैसियत के अनुसार करवाएंगे तथा पर्यावरण को सुधारने के लिए पौधे लगाएंगे।

इस कड़ी में अटेली क्षेत्र के गांव ताजपुर में समस्त कार्यकर्ताओं ने 78 गरीब कन्याओं की एफडी की गई। वहीं श्यामपुरा में दिनेश जेलदार ने 21, जबकि रामपुरा में विक्रम सिंह सरपंच ने 10 कन्याओं की एफडी करवाई। वहीं कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में एफडी की गईं हैं। इस मौके पर ग्रीवेंस कमेटी की सदस्य बबली यादव एडवोकेट ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने शहर एवं गांवों में हरे पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी से आरती सिंह राव ने अपनी शिक्षा हासिल की है। बचपन से ही घर में राजनीति का माहौल देखा है। उनके दादा राव बीरेंद्र सिंह हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनके पिता राव इंद्रजीत सिंह इस समय केंद्र सरकार में मंत्री हैं। शूटिंग के साथ-साथ आरती की रुचि राजनीति में भी रही।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री के पीए विकास यादव, गोविंद गोस्वामी, भाजपा नेता इंद्रजीत, विकास चेयरमैन, दिनेश जेलदार, विक्रम सरपंच रामपुरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, आशा, अनीता, मधु, प्रीतम सरपंच, कृष्ण, प्रदीप सैनी, भूपेश गुप्ता, नरेंद्र सरपंच, कर्मवीर खिंची, सुनील वर्मा, समाजसेवी तेजप्रकाश, प्रदीप तिगरा, भूपेश कटारिया, पंकज शर्मा व सुबेसिंह सरपंच आदि मौजूद रहे।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

सरकार की ओर से बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सरसों तेल के रेट बढ़ाने पर विपक्षी दलों ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में वीरवार को बहुजन समाज पार्टी के नेता अतरलाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम प्रेषित ज्ञापन एसडीएम कनीना के रीडर को सौंप कर वृद्धि तत्काल वापस लेने की मांग की।

कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन देने आए बसपा नेता अतरलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार का बीपीएल कार्ड धारकों को दिए जाने वाले सरसों तेल का रेट बढ़ाने का निर्णय गलत तथा गरीब विरोधी निर्णय है। सरकार बीपीएल परिवारों को हर महीने दो लीटर सरसों का तेल 40 रुपये में देती थी। उसका रेट बढ़ाकर एकदम 100 रुपये करना बीपीएल परिवारों पर कुठाराघात है। इससे प्रदेश के लगभग 46 लाख बीपीएल परिवारों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी और उनका जीना दुभर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एकदम अढ़ाई गुणा वृद्धि बिल्कुल गलत, गैरवाजिब तथा गरीब दलित विरोधी निर्णय है। इसलिए सरकार को तत्काल रेट वृद्धि को वापिस लेना चाहिए और बीपीएल परिवारों को पहले की तरह 40 रुपये में दो लीटर तेल मुहैया करवाना चाहिए। रीडर ने ज्ञापन को तत्काल सरकार को भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, दानसिंह प्रजापत, राकेश यादव, ओपी यादव, प्रशांत आदि मौजूद थे।



नारनौल। एसडीएम कनीना के रीडर को ज्ञापन सौंपते बसपा नेता अतरलाल व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सूरज कॉलेज की छात्रा ने हासिल किया चौथा स्थान

**महेंद्रगढ़।** करनाल में हरियाणा राज्य विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में सूरज डिग्री कॉलेज की छात्रा पायल पुत्री अनिल कुमार ग्राम आदलपुर ने चौथा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डा. सुधाकर गुप्ता ने छात्रा पायल का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए उन्हें इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी विजेता विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाईं दी एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए और अधिक परिश्रम के लिए प्रोत्साहित किया।



उन्होंने बताया कि सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी परिणामों के साथ-साथ खेलों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी प्रतिभा लोहा मनवाया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज प्रांगण विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए अनेक प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज स्तर पर भी करवाया जाता है एवं अनेक प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी भी कॉलेज में ही करवाई जाती है, जिसके फलस्वरूप कॉलेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं सफल होकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करते रहे है।

# बीआर स्कूल में मनाया अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

गांव सेहलंग स्थित बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु रचनात्मकता के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में छठी कक्षा की अनाया ने प्रथम स्थान, हिमांशी ने द्वितीय स्थान, तथा सातवीं कक्षा की खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने अपने पोस्टर के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत की कल्पना को चित्रों और नारों के माध्यम से जीवंत रूप दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन विद्यालय की उप-प्राचार्या ज्योति भारद्वाज द्वारा किया गया, जबकि आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था एचओडी कपिल की देखरेख में संपंन हुई। विद्यालय के चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि आज के युवा यदि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूक बनते हैं, तो भविष्य निश्चित रूप से सुरक्षित और हरित होगा।



महेंद्रगढ़। विजेता प्रतिभागियों के साथ स्कूल के चेयरमैन हरीश भारद्वाज।

# स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिन पर बांटे लड्डू



नारनौल। आरती राव के जन्मदिन पर लड्डू बांटते वासुदेव यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोर्डिनेटर एवं पूर्व वरिष्ठ भू वैज्ञानिक वासुदेव यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह का जन्मदिन वीरवार सादगी से मनाया। वीरवार को सुबह श्री गोपाल गोशाला पहुंचे और वहां गोसेवकों के साथ केक भी काटा गया। वहीं गोसेवकों को लड्डू बांटे और गोवंश को हरा चारा खिलाया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री के नाते हर आमजन के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। नीत नई योजनाएं लागू कर मरीजों को कम बजट में बेहतर उपचार देने की व्यवस्था की जा रही है।

हाल ही में कोरियावास मेडिकल कॉलेज में ओपीडी की शुरुआत आरती राव ने की। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी है। अब जल्द ही यहां एमबीबीएस की कक्षाएं आरम्भ होगी। उन्होंने ईश्वर से आरती सिंह राव के अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की प्रार्थना के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आरपीएस कॉलेज का यूनिवर्सिटी परीक्षा में दबदबा, टॉप 10 में 9 स्थानों पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा गत दिवस बीएससी आनर्स फिजिक्स चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा परिणाम में आरपीएस कॉलेज बलाना ने परिणामो की मेरिट सूची में 10 में से 9 स्थानों पर कब्जा किया। संस्था के रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे शिक्षण प्रणाली और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। कॉलेज के प्राचार्य देवेंद्र सिंह कादयान ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में छात्रा पूजा ने 92.89 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं ममता ने 92.44 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान और ज्योति कुमारी ने 90.44 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान, अंशु (चौथा), रितिका (पांचवां), आर्यन (छठा), आस्था (सातवां), अम्बिका (नौवां) और प्रिया (दसवां) स्थान हासिल किया। कॉलेज डीन डॉ. हेमंत कुमार ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि इस परीक्षा परिणाम में 4 विषयों का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। कॉलेज चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ मनीष राव, कॉलेज डायरेक्टर डॉ. महेश कुमार यादव, प्राचार्य देवेन्द्र सिंह कादयान ने कहा कि यह छात्रों की निरंतर मेहनत व उच्च गुणवत्ता की शिक्षा का प्रतिफल है। आरपीएस कॉलेज छात्रों के सर्वांगिण विकास पर ध्यान देता है। इस अवसर पर पीजी हैड योगेंद्र प्रताप सिंह, भौतिकी विभाग की हैड प्रो. अर्चना साहू, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. जितेंद्रा गंगवार, डॉ. ज्योति यादव, डॉ. कविता चौहान, सोमबीर गंडास, प्रवीण कुमार, सचिन सूरा व सोनू आदि मौजूद थे।



छात्रा पूजा



छात्रा ज्योति

# यदुवंशी कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने विवि की टॉप 10 सूची में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा बीएससी केमिस्ट्री आनर्स के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज की छात्रा दीक्षिका पुत्री सतपाल ने 88.2 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्व विद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया तो वहीं नेहा पुत्री नरेश कुमार ने 85 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान करके अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा यदुवंशी कॉलेज एकबार फिर शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करता हुआ नजर आया है। केमिस्ट्री विभाग के विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में अपना परचम लहराते हुए यदुवंशी कॉलेज का फिर से नाम रोशन किया है। संस्था के वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने भी केमिस्ट्री विभाग के सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



महेंद्रगढ़। विश्वविद्यालय के टॉप टेन सूची में शामिल होने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों को घर के समीप नियमित सफाई के लिए किया जागरूक

# नपा प्रशासन ने चलाया स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान

■ स्वच्छता सूचकांक बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : डॉ. रिंपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना

नगर पालिका प्रशासन की ओर से बुधवार को सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ के अंतर्गत सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। नपा चेयरपर्सन डॉ रिंपी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में मानसून को देखते हुए स्कूलों में हैंडवाश मुहिम की शुरूआत करने के साथ साथ पेयजल टंकियों की सफाई पर फोकस किया गया। 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में मुख्य रूप से स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, बस्ती जैसी संवेदनशील जगहों पर नियमित रूप से स्वच्छता रखने और हाथ धोने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीमारियों से निजात पाने के लिए स्वच्छता रखना जरूरी है।

आमजन अपने घरों के समीप सफाई रखे व निकासी तथा बरसात के पानी को न ठहरने दें। डॉ. रिंपी लोढ़ा ने कहा कि माहभर चलने वाले इस अभियान में स्वच्छता बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी दी जाएगी।

विषाणु जीवाणु रोग नियंत्रण करने के लिए डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे रोगों से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। मलिन बस्तियों व स्कूलों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएचईडी व समाज कल्याण विभाग की ओर से इस अभियान में सहयोग किया जाएगा। जिसकी मोनिटरिंग के लिए प्रत्येक नगर निकाय को पोर्टल पर नियमित रूप से गतिविधि व जानकारी अपलोड करनी होंगी। इससे स्कूली विद्यार्थियों में व्यक्तिगत स्वच्छता की आदत विकसित होगी। वहीं मानसून के दौरान संक्रमण के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकेगी। नियमित रूप से होने वाली सफाई से स्कूल परिसर व आसपास के इलाके साफ सुथरे और सुरक्षित बने रहेंगे, जिससे स्वच्छता सूचकांक भी बना रहेगा।




कनीना। स्वच्छता अभियान के तहत स्कूल में हैंडवाश के करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जीनियस एकेडमी के विद्यार्थियों ने ग्रुप डी में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** हाल ही में घोषित हरियाणा ग्रुप डी के अंतिम परिणाम में जीनियस एकेडमी के 31 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर सभी चयनित विद्यार्थियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। एकेडमी के डायरेक्टर अमित यादव ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुऐ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों का नाम अंतिम चयनित सूची में नहीं आया, वे निराश न हों। अभी एचएसएससी सीईटी की परीक्षा का दोबारा आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत व लगन की बहुत आवश्यकता होती है। अगर हम दृढ़ संकल्प कर लें कि हमें अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें सफल होने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। एकेडमी चेयरपर्सन सोनिका यादव ने कहा कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता है। हमें अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करके उसको प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। एक दिन हमें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। इस अवसर पर सुनील कुमार, दिलेर सिंह, दीपक, देवेंद्र, ओमवीर, पिंकी, सोनू, राधिका, सुरेंद्र व पूनम आदि उपस्थित थे।




महेंद्रगढ़। ग्रुप डी में सफलता करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**सरपंच ग्राम पंचायत : बासड़ी**
**ब्लॉक सतनाली, जिला- महेन्द्रगढ़, हरियाणा**

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बासड़ी, विकास खंड सतनाली, जिला- महेन्द्रगढ़, हरियाणा के दो जोहड़ों को मछली पालन के लिए खुली बोली पर ठेके पर छोड़ा जाना है। इच्छुक व्यक्ति 10 जुलाई 2025 वार बृहस्पतिवार को सुबह 10:00 बजे मु० रु० 5000/-, 10000/- अदा कर खुली बोली में हिस्सा ले सकता है। बोली से संबंधित शर्ते मौके पर बता दी जाएंगी।

प्रमोद कुमार, सरपंच, ग्राम पंचायत बासड़ी, Mob: 9588742525
ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत बासड़ी
बीडीपीओ, सतनाली

## खबर संक्षेप



### समस्याओं के निपटान में समाधान शिविर प्रभावी

**नारनौल।** नारनौल सहित सभी उपमंडल स्तर पर हर सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविरों से आम जनता को उनकी समस्याओं के निवारण में व्यापक लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार ने 60 नागरिकों की शिकायतें सुनी और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में आए आम लोगों ने हरियाणा सरकार की इस पहल को बेहतरीन बताते हुए जमकर सराहना की।



### केंद्रीय विवि में अनुकम्पा नियुक्ति को मिली मंजूरी

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित शैक्षणिक व शिक्षणेतर कर्मचारियों के परिवारजनों के लिए अनुकम्पा नियुक्ति योजना को लागू किया गया है। विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् द्वारा मंजूर यह योजना नियमित कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु अथवा स्थाई रूप से आशक्त होने की स्थिति में कर्मचारी के आश्रित को इस योजना के माध्यम से आर्थिक व भावात्मक सहयोग के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने का प्रयास है।

### विजेता खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**नारनौल।** हरियाणा खेल विभाग की ओर से राज्य के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता प्रतिभागी खिलाडियों को नकद ईनाम व छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि एक अप्रैल 2024 तथा इसके बाद की खेल उपलब्धियों के लिए राज्य के राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को नकद ईनाम व छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सघन सफाई अभियान बना सामूहिक मुहिम

**नारनौल।** जिले में इन दिनों सघन स्वच्छता अभियान खूब जोर पकड़ रहा है। यह अब केवल सरकार का काम नहीं रहा, बल्कि यह एक बड़ा जन आंदोलन बन गया है। इस अभियान से पूरे जिले में सफाई को लेकर एक नया जोश आ गया है। वीरवार को इस मुहिम में सिहमा, गुजरवास, गोमली, चितलांग, आसरावास, शोभापुर, गोलवा, पथरवा और दौंगड़ा अहीर आदि कई गांवों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सबने दिखाया कि वे सफाई के लिए कितने पक्के हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने अभियान के बारे में कहा कि हर दिन सुबह नौ बजे से 11 बजे तक सफाई की जाती है।

# मिकाडा लगाएगा 160 रिचार्ज बोरवेल, जल शक्ति अभियान के तहत जिले में लगेंगे 1.25 लाख पौधे

**डीसी डॉ. विवेक भारती ने जल शक्ति एवं शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त टीम के साथ की समीक्षा बैठक, पेयजल की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए हर साल लिए जा रहे 12000 सैंपल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जलशक्ति और जल जीवन मिशन जल संसाधनों के प्रबंधन तथा सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। इन कार्यक्रमों से जिला महेंद्रगढ़ में जल स्तर में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से आई टीम तथा जिले के अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। डीसी ने बताया कि जलशक्ति मंत्रालय का गठन मई 2019 में किया गया था। पिछले छह साल में जिला महेंद्रगढ़ में इस क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। इसी का नतीजा है कि जिला में जलस्तर में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में सिंचाई विभाग तथा मिकाडा की ओर से जल संचयन के लिए 30 परियोजनाएं मंजूर हुई थी। इनमें से कुछ परियोजनाओं का काम पूरा भी हो चुका है। डीसी ने बताया कि इस अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन पर फोकस किया गया है। इसी प्रकार जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ तथा पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। हर घर नल से जल के लक्ष्य 2022 में ही पूरा कर लिया गया था।



**नारनौल।** गांव बड़कोदा में जल जीवन मिशन व जल शक्ति अभियान के तहत निरीक्षण करती केंद्रीय टीम। फोटो : हरिभूमि

#### सभी लक्ष्य पूरा कर लें

जिले में पेयजल की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवर्ष 12000 से अधिक सैंपल लिए जाते हैं। उपायुक्त अपने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस केंद्रीय टीम की यह मानसून पूर्व यात्रा थी। सभी विभाग पौधारोपण सहित सभी लक्ष्य बारिश के सीजन में पूरा कर लें। जल शक्ति अभियान के तहत जिले में 1.25 लाख पौधे लगेंगे। बारिश के बाद यह टीम दोबारा से अक्टूबर महीने में जिले का दौरा करेगी, जिसमें इन कार्यों की समीक्षा होगी। इस दौरान मिकाडा के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सुनीत राठी ने मिकाडा को 160 रिचार्ज बोरवेल लगाने का लक्ष्य दिया गया है। 40 से 45 रिचार्ज बोरवेल पूरे कर लिए जाएंगे। शेष का कार्य भी निर्धारित सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। जल जीवन मिशन तथा जल शक्ति अभियान की जिला महेंद्रगढ़ की नोडल अधिकारी शिवानी, सिंचाई विभाग के एक्सईएन संदीप नशियार, जल शक्ति अभियान से मुरली, हाइड्रोलॉजिस्ट राकेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

#### ग्रामीणों के साथ किया सीधा संवाद

जल जीवन मिशन तथा जल शक्ति अभियान की जिला महेंद्रगढ़ की नोडल अधिकारी शिवानी ने वीरवार को इस अभियान के तहत जिला की विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने पेयजल तथा शिक्षा से जुड़े मामले में ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। सबसे पहले उन्होंने गांव बड़कोदा में जल संचयन के लिए कृष्णावती नदी में डाले जा रहे बारिश के पानी का निरीक्षण किया। इस मौके पर पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आदर्श सिंगला ने टीम को बड़कोदा बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण भी कराया। इसके बाद उन्होंने कोजिंदा व बिहारीपुर में भी निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने सिलारपुर में अमृत सरोवर तालाब का भी निरीक्षण किया।

## लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

# बैठक में लिया निर्णय, 9 जुलाई की हड़ताल में रोडवेज का होगा चक्का जाम

- राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने बताया 22 मई 2025 को महानिदेशक व पिछली सरकार में परिवहन मंत्री से हुई बातचीत में मानी गई मांगों को लागू नहीं किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर एक संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की बैठक गुरुवार को कर्मशाला में हुई, जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान नीरज ने की। इस दौरान अपनी लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने बताया कि 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रोडवेज के कर्मचारी भाग लेंगे। इस दौरान रोडवेज का पूर्ण रूप से चक्का जाम रहेगा।

उन्होंने बताया कि रोडवेज का साझा मोर्चा ने हरियाणा सरकार ओर अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत में कर्मचारियों 10/12 मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक सरकार ने एक भी मांग का परिपत्र जारी नहीं किया, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने बताया 22 मई 2025 को महानिदेशक व पिछली सरकार में परिवहन मंत्री से अनेक बार हुई बातचीत में मानी गई मांगों को लागू नहीं करने पर रोडवेज कर्मचारी ठगा सा महसूस कर रहे हैं। ऑनलाइन नीति के तहत किया गया था। राज्य सचिवने बताया 22 मई 2025 को महानिदेशक के साथ हुई बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी, उनमें प्राइवेट इलेक्ट्रिक बसों को रोडवेज विभाग में शामिल करने, परिचालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, चालक व परिचालकों को एक माह में 30 रात्रि ठहराव के भुगतान की पावर महाप्रबंधकों को देने, 2004 से पहले लगे चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने व पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, चालक, परिचालक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों को मिलने वाले देय अर्जित अवकाश पूर्व की भांति एक वर्ष में 33 अवकाश देने व चालकों की पदोन्नति के लिए 194 पोस्ट अड्डा इंचार्ज बनाने, कर्मशाला में ग्रुप डी के 2018 के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करने और तकनीकी पदों पर पदोन्नति का लाभ देने, 2008 के भर्ती परिचालकों को उपनिरीक्षक के पद पर शीघ्र प्रमोशन करने 10 वर्ष के बकाया बोनस का भुगतान करने, चालक व परिचालकों के साथ झगड़े मामले में शख्त कार्यवाही नियम बनाने, सभी महाप्रबन्धकों को डिपो स्तर की मांगों को पूरा करने के लिए मुख्यालय की ओर से जल्द पत्र जारी करने, लेखाकार व जूनियर ऑडिटर, एसए व अधीक्षक के रिक्त पदों पर जल्द से जल्द प्रमोशन करने, लिपिक की प्रमोशन में 12 साल की शर्त को घटाकर 8 साल करने की मांगें प्रमुख हैं।




**नारनौल।** रोडवेज में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### पुरानी पेंशन हो बहाल

उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन बहाल करने, कर्मचारी मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड बिल रद्द करने, निजीकरण बंद कर विभाग में 10 हजार बसें शामिल करने, मोटर वाहन अधिनियम संशोधन बिल रद्द करने, रोडवेज कर्मचारियों की सभी मानी गई मांगों को लागू करने व चालक का वेतनमान 52000 परिचालक वेतनमान 35400, का प्रस्ताव सरकार को भेजने आदि मांग मुद्दों को लेकर पूरे प्रदेश का रोडवेज कर्मचारी आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेकर रोडवेज कर्मचारी बसों का चक्का जाम करेंगे। बैठक में यजुवेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, संजय सांगवान, शंकर लिपिक, कुशलपाल, राजपाल यार्ड मास्टर, विरेंद्र सिहमा, विजय सिहमा, जोगेन्द्र सिंह, सोमवीर व सज्जन सिंह भांखरी आदि मौजूद रहे।



**नारनौल।** वाहन की जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

# 246 वाहनों के चालान काटे, 5 को किया इंपाउंड

- विभिन्न नाकों पर वाहनों की सघनता से चेकिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार पुलिस ने जिलेभर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। ट्रैफिक पुलिस व विभिन्न थाना तथा चौकियों की पुलिस टीमों ने विभिन्न नाकों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान वाहनों को रोककर उनके कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और बीमा आदि की जांच की गई। साथ ही वाहनों में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश भी की गई। इसके अतिरिक्त अन्य वाहनों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 246 वाहनों के चालान किए गए और पांच वाहनों को इंपाउंड किया गया। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने, बिना वैध कागजात के वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शामिल थे। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों को खुलवाकर सर्च भी किया। चेकिंग के दौरान कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के भी मिले, जिनकी सघनता से चेकिंग की गई। पुलिस ने मौके पर ही चालान काटे और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया। महेंद्रगढ़ जिला पुलिस की ओर से किसी भी आपात स्थिति से निपटने, अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम हेतु तुरंत कार्रवाई के लिए सीलिंग प्लान के तहत जिले विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चेकिंग की गई। सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर नाके लगाकर चेक किया।

# महेंद्रगढ़ के होटल में काम करते 3 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

- सेवा संस्था, एंटी हयूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट व जिला बाल संरक्षण इकाई ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड वैलफेयर एक्टिविटिज सेवा संस्था एंटी हयूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट व जिला बाल संरक्षण इकाई के सामूहिक प्रयास से महेन्द्रगढ़ शहर में एक्सैस टू जस्टिस प्रोग्राम फॉफ चिल्ड्रन परियोजना के तहत बाल श्रम को मुक्त करवाने के लिए रैस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें टीम की ओर से महेन्द्रगढ़ शहर में विभिन्न होटल व दुकानों पर कार्य करते हुए तीन बच्चों, जिनकी उम्र लगभग 14 वर्षीय तक की थी, को रैस्क्यू करवाया और जिला बाल कल्याण समिति में पेश किया गया। जिस पर बाल कल्याण समिति ने संज्ञान लेते हुए बच्चों के पुर्नवासन का निर्णय लिया।

इस टीम में एंटी हयूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट नारनौल के सहायक उप-निरीक्षक बलवान सिंह व उनके सहयोगी रविन्द्र व संजय तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार व उनकी सहयोगी गरिमा व सेवा संस्था से पीड़ति सहायक कोर्डिनेट सुभाष वर्मा, सोशल वर्कर चेतन विशेष रूप से शामिल थे। सेवा संस्था के कोर्डिनेटर सुभाष वर्मा ने बताया कि बाल श्रम करवाना है एक कानूनन अपराध है। जिससे देश के बच्चों का भविष्य खराब होता है। अतः हमें बाल श्रम करवाने से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि सेवा संस्था का कार्य कार्यक्रम कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व जस्ट राईटस फॉर चिल्ड्रन के सौजन्य से एक्सैस टू जस्टिस प्रोग्राम फॉफ चिल्ड्रन परियोजना के तहत करवाया जा रहा है। जिसमें एंटी हयूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट व महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई की विशेष भूमिका है। सेवा संस्था की ओर से आमजन को संदेश दिया गया कि आप अपनी दुकानों, भट्ठे, ठेले, घरों व औद्योगिक इकाईयों में बच्चों से बाल श्रम न करवाएं।

### रोहतक मदार एक्सप्रेस को नियमित करने की मांग, सांसद को भेजा पत्र

**नारनौल।** दैनिक रेल यात्री संघ ने रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा को ज्ञापन भेजकर ट्रेन संख्या 09639 रोहतक मदार एक्सप्रेस को नियमित कर इसके टाइम सही करवाने की मांग की है। ज्ञापन में दैनिक रेल यात्री संघ ने कहा कि अजमेर के मदार जंक्शन से चलकर रोहतक तक जाने वाली ट्रेन संख्या 09639 एकमात्र ऐसी ट्रेन है, जो रोहतक को बाबा खाटू श्याम धाम के अंतर्गत आने वाले रिंगस स्टेशन से जोड़ने का काम करती है। रोहतक से बाबा खाटू श्याम के जाने वाले भक्तों के लिए यह ट्रेन यातायात का सुगम साधन है, लेकिन वापसी में यह ट्रेन आम सवारियों के साथ साथ खाटू धाम से रोहतक आने वाले भक्तों के लिए परेशानी का कारण उत्पन्न करने का काम हर रोज करती है।

# पैक्स बहाला कलां में पौधरोपण

- पेड़ जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन करते हैं प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पैक्स बलाहा कलां व कोऑपरेटिव बैंक बलाहा कलां की ओर से कार्यालय परिसर में अंतर राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया गया। जिसके अंतर्गत वीरवार को पौधारोपण किया गया। पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से पौधारोपण की आवश्यकता इन दिनों अधिक हो गई है। पौधारोपण से तात्पर्य पेड़ों के विकास के लिए पौधों को लगाना और हरियाली को फैलाना है। पर्यावरण के लिए पौधारोपण की प्रक्रिया महत्वपूर्ण क्यों है, इसके कई कारण है। मुख्य कारणों में से एक कारण यह है कि पेड़ जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिनके बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव है। जिस तरह संतान होने पर हम उनका लालन पालन करते है। उसी तरह पौधें से पेड़ बनने तक हमें उनका रखरखाव भी करना जरूरी है। अपने जीवन में हर सुखमय पल में पौधारोपण करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। इस दौरान प्रबंधक अरविन्द यादव ने कार्यक्रम में आए सभी का आभार जताया। इस मौके पर सरपंच महावीर सिंह बलाहा कलां, पंकज यादव पंचायत समिति चेयरमैन, कर्मवीर मैनेजर, अरविंद प्रबन्धक, राहुल क्लर्क, विनोद कुमार, देवेन्द्र, विशु, मोनू, अजय आदि मौजूद रहे।



**नारनौल।** बलाहा कलां में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हकेंवि में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**महेंद्रगढ़।** उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते सामाजिक संगठन के सदस्य।

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय खोलने को लेकर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोग खेतीबाड़ी का कार्य करते हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा इस क्षेत्र में उधोग धंधे नहीं खोले गए हैं। जिले में पानी की भी कमी हैं। यहां के नौजवान हिसार की कृषि विश्वविद्यालय में पढ़ाई करते हैं। वर्ष 2010 में कांग्रेस सरकार ने नांगल सिरोही में किसानों के उत्थान के लिए वहां एक विद्यालय बनाना शुरू किया था। विद्यालय का करोड़ रुपये से निर्माण करवाया गया था, जो अभी तक अधूरा हैं। इसके अलावा महेंद्रगढ़ शहर की कृषि विज्ञान केंद्र में भी काफी जगह खाली पड़ी हैं। इसमें भी महाविद्यालय खोल दिया जाए तो छात्रों को दूर-दराज जाना नहीं पड़ेगा।

**कार्यक्रम** पूर्व मंत्री की केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री मनोहरलाल से मुलाकात

# जिले में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति से मनोहर लाल को करवाया अवगत

कृष्णावती नदी के सूखे क्षेत्रों में पानी डाला जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। डॉ. अभय सिंह यादव ने इस मुलाकात के विषय में बताया कि यह एक शिष्टाचार मुलाक़ात थी। जिसमें महेंद्रगढ़ जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति के बारे में अवगत करवाया। मनोहर लाल ने अपने मुख्यमंत्री काल में महेंद्रगढ़ जिले को अनेक परियोजनाएं दी गई, जिनमें मेडिकल कॉलेज, लॉजिस्टिक हब, भूजल रिचार्ज की बड़ी बड़ी परियोजनाएं व सड़कों का विस्तृत ढांचा प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है। पूर्व मंत्री ने इन सभी प्रॉजेक्ट्स की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा इन परियोजनाओं को प्रभावशाली ढंग से लागू करने के लिए अपने सहयोग का आश्वासन दिया। यादव ने कहा कि मनोहर लाल के मुख्यमंत्री रहते हुए महेंद्रगढ़ जिले के विकास का विशेष ध्यान रखा गया और पिछले 10 साल में इस जिले को अत्यंत दयनीय सूखाग्रस्त स्थिति से निकालकर समृद्ध और विकसित किसानी की स्थिति में लेकर आए हैं। आज दोहान और कृष्णावती नदी के सूखे क्षेत्रों में पानी डाला जा रहा है तथा ग्रामीण क्षेत्र के सभी जोहड़ और तालाबों को भरकर समस्त जिले में भूजल स्तर को विकसित करने में मनोहर लाल की मुख्य भूमिका रही है। इसी तरह बसीरपुर घाटाशेर एवं तलोट में बन रहे लॉजिस्टिक हब भी मनोहर लाल की ही देन रही है, जो आने वाले समय में इस समस्त क्षेत्र का कायाकल्प करने जा रही है। इसी तरह कोरियावास में बनकर तैयार मेडिकल कॉलेज भी उन्हीं के आशीर्वाद से संभव हो पाया है। यादव ने उम्मीद व्यक्त की है कि यह कॉलेज जब पूर्ण रूप से काम करना प्रारंभ कर देगा तो इस जिले के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली जयपुर एवं अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा।



**नारनौल।** केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करते पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव।

#### अधूरे बाइपास को पूरा करवाने की रखी मांग

केंद्रीय मंत्री से इस मुलाकात के दौरान यादव ने मनोहरलाल से नारनौल के अधूरे बाईपास को पूरा करते हुए हैं, इसे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11 से आगे बढ़ाते हुए लॉजिस्टिक हब तक जोड़ने के लिए सहयोग का निवेदन भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री को बताया कि पिछले काफी समय से वह इस दिशा में विभिन्न स्तर पर प्रयासरत हैं, क्योंकि यह बाईपास पूर्ण होने के उपरांत न केवल नारनौल के चारों तरफ पूर्ण रूप से यह रिंग रोड तैयार हो जाएगा, अपितु नेशनल हाईवे की ओर से ढोसी का पर्यटन केन्द्र, कोरियावास का मेडिकल कॉलेज व लॉजिस्टिक हब सीधे ट्रांस हरियाणा राजमार्ग 152 डी से जुड़ जाएंगे। जिससे नारनौल व इसके साथ लगने वाला ग्रामीण क्षेत्र पूर्ण रूप से विकसित हो जाएगा।